Title: Need to set up a Zonal Office of Railways at Raxaul or Narkatiaganj in Bihar-Laid.

डा. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : महोदय, चम्पारण क्षेत्र की रेलवे लाईन समस्तीपुर रेल मण्डल अन्तर्गत है। इस मण्डल का कार्य पहले से काफी अधिक हो गया है जिसके कारण रेलवे प्रबन्ध व्यवस्था और रेल परियोजनाओं के सम्पादन में अनावश्यक देरी होती है जैसे छितौनी और बगहा के बीच गंडक नदी पर पुल के तीन वर्ष की जगह 22 वर्ष लगे, मुजफ्फरपुर रक्सौल लाइन के आमान परिवर्तन में एक वर्ष के स्थान पर तीन वर्ष लगे। सुगौल नरकटियागंज के आमान परिवर्तन में छः महीने के स्थान पर पांच वर्ष लगे। रेल गाड़ियों के परिचालन भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार से रेल उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है और रेलवे के राजस्व की हानि हो रही है। इन समस्याओं का निराकरण नए रेल मण्डल का गठन करके किया जा सकता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि रक्सौल या नरकटियागंज में रेल मण्डल कार्यालय स्थापित किया जाए।